आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 14.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य मंत्रिमण्डल ने पूर्व अग्निवीरों को समूह 'ग' के वर्दीधारी पदों की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया।
- विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 लाया जाएगा, जबरन धर्म परिवर्तन कानून को बनाया जाएगा और सख़्त।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने स्कूल स्तर से ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने पर जोर दिया।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

<u>कैबिनेट</u>

प्रदेश में पूर्व अग्निवीरों को समूह 'ग' के वर्दीधारी पदों की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। यह छूट केवल उत्तराखंड के मूल या स्थायी निवासियों को मिलेगी। देहरादून में हुई राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में निर्णय लिया गया कि इसके तहत 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों को 850 पदों पर भर्ती दी जाएगी। उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा और अधिकतम आयु सीमा में भी राहत मिलेगी।

बैठक में 19 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र में उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक, 2025 लाने का निर्णय भी हुआ। नए विधेयक में आजीवन कारावास और भारी जुर्माने जैसी सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। विधेयक के अनुसार, धर्मांतरण से जुड़े मामलों में आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

मंत्रिमंडल ने सहकारिता विभाग में पारदर्शिता के लिए उत्तराखंड सहकारी संस्थागत सेवामंडल के गठन को मंजूरी दी है, जिससे भर्ती परीक्षाएं आईबीपीएस के माध्यम से होंगी। बैठक के दौरान लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना के लिए भूमि दरें तय की गईं। नगर निकाय चुनावों में ओबीसी सर्वे के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी.एस. वर्मा की अध्यक्षता में आयोग बनाने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति में उपाध्यक्ष का एक पद सृजित करने, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार परियोजना में 22 करोड़ रुपये से अधिक की एसजीएसटी माफी, और दैनिक वेतनभोगी व संविदा कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठन का भी निर्णय लिया गया।

<u>जिम्मेदारी</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को उत्तराखंड विधानसभा के आगामी सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री का जिम्मा सौंपा है। 19 अगस्त से शुरू होने वाले द्वितीय सत्र के दौरान वह मुख्यमंत्री से जुड़े विभागों से आने वाले प्रश्नों के उत्तर अनुमोदित करने के साथ विधायी एवं संसदीय कार्य देखेंगे।

गौरतलब है कि पूर्व संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बजट सत्र के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

<u>निरीक्षण</u>

उत्तरकाशी के धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में शासन द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति ने पुनर्वास और आजीविका सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक निरीक्षण किया। समिति में सचिव राजस्व डॉ. सुरेंद्र नारायण पांडेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा डॉ. आशीष चौहान और अपर सचिव वित्त हिमांशु खुराना शामिल हैं। समिति ने प्रभावित परिवारों, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से सुझाव लिए। ग्रामीणों ने जांगला, लंका और कोपांग में विस्थापन की मांग करते हुए केदारनाथ धाम की तर्ज पर धराली के पुनर्निर्माण का आग्रह किया। सेब उत्पादकों के लिए सड़क किनारे सुरक्षित भंडारण शेड बनाने की मांग भी उठी, जिस पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सड़क बहाल होते ही निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

सचिव डॉ. पांडेय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी हैं और तात्कालिक व दीर्घकालिक कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे।

इसी दौरान, आपदा के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम भी धराली पहुंची। इसमें उत्तराखंड भूस्खलन शमन एवं प्रबंधन केंद्र, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के विशेषज्ञ शामिल थे। टीम ने विभिन्न स्थलों पर नुकसान का आकलन, मलबे के नमूनों की जांच और खीरगाड़ के प्रवाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से भी घटना की जानकारी ली गई। निरीक्षण आज भी जारी रहेगा।

<u>राष्ट्रपति संबोधन</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

<u>तिरंगा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल देहरादून के गांधी पार्क से तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, युवाओं, छात्र–छात्राओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने 'भारत मां की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घर, कार्यस्थल और संस्थानों पर तिरंगा फहराने और स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले अमर सेनानियों को नमन करने का आग्रह किया।

सडक सुरक्षा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने स्कूल स्तर से ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने पर जोर दिया है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन हर नागरिक का कर्तव्य है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां सड़कों और मौसम की चुनौतियों से दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है।

राज्यपाल ने पर्यटकों से स्थानीय ट्रैफिक नियमों का पालन, गति सीमा का ध्यान रखने और नशे में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने आरटीओ की सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की पहल की सराहना करते हुए इसे यातायात दबाव कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक बताया।

कार्यक्रम में अच्छे व्यवहार वाले चालकों और दुर्घटना में मदद करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर देश के विभाजन के दौरान जान गंवाने वालों को नमन किया है। उन्होंने कहा कि विभाजन का यह दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने इसे इतिहास का काला अध्याय और दुनिया का सबसे बड़ा विभाजन बताया, जिसमें लाखों लोगों ने जान गंवाई और विस्थापन का दर्द सहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश आजादी का जश्न मना रहा था, लेकिन साथ ही विभाजन का दर्द भी झेल रहा था। उन्होंने कहा कि यह दिन उन सभी सपूतों की याद दिलाता है जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया और विभाजन की यातनाएं सहीं। भारत का बंटवारा सामाजिक एकता, सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को चोट पहुंचाने वाली घटना थी। मुख्यमंत्री ने इसे भावी पीढ़ी को इतिहास की उस विभीषिका से परिचित कराने का अवसर बताया।

मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए राज्य के अधिकतर जिलों में आज स्कूल और आगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

इस बीच, राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले तीन दिनों से रूक—रूककर मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी है। इसके कारण नदियों के जलस्तर में बढोतरी हुई है और कुछ नदियां खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं।

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर सड़क मार्ग बाधित हैं, जिससे आवागमन प्रभावित है।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर आने वाले दिनों में भी जारी रहने का अनुमान है।

स्वतंत्रता दिवस मुख्य कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम परेड ग्राउंड, देहरादून में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री प्रतिभाग करेंगे। इसके लिये जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है और सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने कल परेड ग्राउंड का निरीक्षण कर नोडल अधिकारियों से मुख्य मंच, पुलिस परेड, ध्वजारोहण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राज्य आंदोलनकारियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समारोह में किसी भी तरह की कमी न रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राज्य आंदोलनकारियों, खिलाड़ियों और उत्कृष्ट सेवा करने वाले पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों–कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों...

राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक के निर्णय आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। अमर उजाला लिखता है– जबरन धर्मांतरण पर अब आजीवन कारावास तक की सजा, अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण; सीएम धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 26 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी।

जिला और क्षेत्र पंचायतों को आज मिलेंगे नए मुखिया– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पदों के लिए मतदान और मतगणना आज।

धराली आपदा के बाद जारी रेस्क्यू ऑपरेशन की खबर को सभी समाचार पत्र हर प्राथमिकता दे रहे है... इस खबर के शीर्षक में अमर उजाला लिखता है– धराली में खोजबीन जारी, अध्ययन के लिए बनी विशेषज्ञों की टीम भी पहुंची. इसी खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है– धराली में राहत कार्यों के लिए नए सिरे से कसरत शुरू।

देहरादून में एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की जनसुनवाई कोर्ट से रद्द– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट पर सरकार को सुनवाई प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने का आदेश।